programme, fisheries, market yard[1], forestry, bio-gas, IRDP, non-farm sectors, etc.

(c) The data reporting system of NABARD does not generate the information regarding the number of people likely to be benefited and employed. The projections in this regard, accordingly, are not available.

वानिकी तथा मत्स्य पालन परियोजनाओं के लिए विश्व बैंक सहायता

4305 **श्री अजीत जोगी :**
श्री छोटू भाई पटेल :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विश्व बैंक वन तथा मत्स्य परियोजनाओं को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में सहमत हो गया है ;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इन परियोजनाओं से लाभान्वित होने वाले राज्यों के नाम क्या हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राममेश्वर ठाकुर) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) विश्व बैंक ने वानिकी एवं मत्स्य पालन संबंधी निम्नलिखित चालू परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है जिसका विस्तृत ब्यौरा विवरण के रूप में संलग्न है ।

विवरण

वानिकी तथा मत्स्य पालन परियोजनाओं के लिए विश्व बैंक सहायता

परियोजना का नाम	सहायता की राशि	हस्ताक्षर करने तारीख	समापन तारीख	भाग लेने वाले राज्य
केरल सामाजिक वानिकी (आई डी ए उधार 1514-आईएन)	26.1 मिलियन एस०डी०आर० (संशोधित)	12-12-84	31-3-93	केरल
राष्ट्रीय सामाजिक वानिकी (आई डी ए उधार 1611-आई एन)	155.4 मिलियन एस डी आर (संशोधित)	24-9-85	31-3-93	गुजरात हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और उत्तरप्रदेश
महाराष्ट्र वानिकी (आई डी ए उधार 2328-आई एन)	88.9 मिलियन एस.डी.आर. (124.0 मिलियन अमरीकी डालर के समतुल्य)	29-1-92	30-9-98	महाराष्ट्र
पश्चिम बंगाल वानिकी (आई डी ए उधार 2341-आई एन)	24.4 मिलियन एस.डी.आर (34.0 मिलियन अमरीकी डालर के समतुल्य)	25-3-92	30-9-97	पश्चिम बंगाल
झींगा एवं मछली पालन परियोजना (आई डी ए उधार 2329-आई एन)	62.9 मिलियन एस डी आर (85.0 मिलियन अमरीकी डालर के समतुल्य)	29-1-92	30-3-99	पश्चिम बंगाल उड़ीसा, आंध्र, प्रदेश बिहार और उत्तर प्रदेश